छाजेड़, अनिता संकलेचा व सालेचा ने आभार ज्ञापित किया।

जीएनएलयू, ईडीआईआई की पूर्व छात्रा निकिता को नेशनल एन्टरप्रिन्योरशिप अवार्ड

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

अहमदाबाद. गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (जीएनएलयू) एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) की पूर्व छात्रा निकिता माहेश्वरी को वर्ष 2019 का नेशनल एन्टरप्रिन्योरशिप अवार्ड प्राप्त हुआ है।

कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री डॉ.महेन्द्रनाथ पांडे ने निकिता को हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित समारोह में इस अवार्ड से सम्मानित किया। अवार्ड स्वरूप निकिता को ट्रॉफी, प्रमाण-पत्र और पांच लाख का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

निकिता को यह अवार्ड उसके तत्काल लॉरी एंटरप्राइज के लिए दिया गया है। इसके तहत निकिता ने इस नाम की मोबाइल एप्लीकेशन बनाकर टाइल्स निर्माता, डीलर, ट्रक मालिक, ड्राइवर, ट्रांसपोर्टर को उनके सामान को सही जगह और सही समय पर पहुंचाने में मददरूप करता है। निकिता ने वर्ष 2015 में जीएनएलयू से स्नातक जबकि 2017 में ईडीआईआई से स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की है।

Scanned by CamScanner